

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह
गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन में

खण्ड V : अंक IX अक्टूबर–दिसम्बर, 2024
Vol: V : Issue IX October-December, 2024

# बीपीआरएंडी बुलेटिन
# BPR&D Bulletin

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
Bureau of Police Research & Development, Ministry of Home Affairs, Govt. of India

# महानिदेशक की कलम से.......

मुझे आप सभी से यह साझा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि वर्ष 2024 का समापन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के लिए महत्वपूर्ण रहा। इस तिमाही में भारत सरकार द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम जैसे 'स्वच्छता पखवाड़ा', 'स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता', 'विश्व मृदा दिवस', आदि में ब्यूरो ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवधि में, ब्यूरो ने अपने प्रतिष्ठित 'अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन' के 50वें संस्करण का आयोजन आरआरयू, गांधीनगर, गुजरात के सहयोग से दिनांक 19–20 नवंबर, 2024 को आरआरयू, गांधीनगर, गुजरात में किया। सम्मेलन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी द्वारा दिनांक 19 नवंबर, 2024 को किया गया। साथ ही, ब्यूरो द्वारा अपने अन्य महत्वपूर्ण 'युवा पुलिस उपाधीक्षकों/कमांडेन्ट का पाँचवा राष्ट्रीय सम्मेलन' चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय राज्यपाल, पंजाब और प्रशासक चंडीगढ़, श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा दिनांक 3 दिसम्बर, 2024 को किया गया।

21 अक्टूबर का दिन सभी पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों के मानस पटल पर अंकित है। इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। ब्यूरो और इसकी बाह्य इकाइयों के अधिकारी व कार्मिक इस कार्यक्रम से व्यक्तिगत तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

इस तिमाही में, ब्यूरो की बाह्य इकाई सीडीटीआई, हैदराबाद ने दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 को अपना 60वां स्थापना दिवस मनाया, जिसके मुख्य अतिथि, तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव (गृह), श्री रवि गुप्ता रहे। 15 अक्टूबर, 2024 को ब्यूरो मुख्यालय में 76 आरआर के 192 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों का भ्रमण हुआ। इन अधिकारियों को ब्यूरो तथा एनसीआरबी दोनों संगठनों की कार्य–प्रणाली तथा उनके द्वारा पुलिस बलों की क्षमता निर्माण में किए जा रहे योगदान के विषय में जानकारी दी गई।

दिनांक 21 नवंबर, 2024 को माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, श्री बंडी संजय कुमार द्वारा सीडीटीआई, हैदराबाद का दौरा किया गया, जहां उन्होंने सीडीटीआई, हैदराबाद द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। यह तिमाही व्यावसायिक रूप से ब्यूरो के लिए काफी उत्पादक, अर्थपूर्ण और गौरवशाली रही, जिसमें बहुत से विशिष्ट कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से कुछ का विवरण न्यूज बुलेटिन में दिया गया है।

मैं ब्यूरो में अपने सभी साथी अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा  कर्तृव्यनिष्ठा, कठिन परिश्रम, समर्पण एवं व्यावसायिक क्षमता के लिए बधाई देता हूँ और साथ ही, नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं देता हूँ। मैं आशा करता हूँ कि आप सभी नव वर्ष में नए जोश, नए उत्साह और संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर ब्यूरो में अपनी सार्थकता बनाए रखेंगे।

**महानिदेशक, बीपीआरएंडडी**

## स्वच्छता पखवाड़ा

दिनांक 1 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत "एक पेड़ माँ के नाम" का संदेश देते हुए बीपीआरएंडडी मुख्यालय, नई दिल्ली में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा वृक्षारोपण करते हुए




अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री रवि जोसेफ लोक्कू वृक्षारोपण करते हुए

## स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता

दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान की गतिविधियों के तहत बीपीआरएंडडी मुख्यालय, महिपालपुर, नई दिल्ली में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा की अगुवाई में व्यापक रूप से सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें ब्यूरो के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।



अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री रवि जोसेफ लोक्कू सफाई अभियान के दौरान



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा सफाई अभियान के दौरान



सफाई अभियान के दौरान समूह फोटोग्राफ



वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी सफाई अभियान के दौरान

# सीडीटीआई, हैदराबाद का 60वां स्थापना दिवस

**अक्टूबर, 2024**

दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 को सीडीटीआई, हैदराबाद ने अपना 60वां स्थापना दिवस मनाया जिसमें मुख्य अतिथि, तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव (गृह), श्री रवि गुप्ता, भा.पु.से. ने सीडीटीआई, हैदराबाद को बधाई दी तथा पुलिस बलों के क्षमता निर्माण में संस्थान के योगदान तथा उनके द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की। महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा ने वर्चुअल मोड में सभा को संबोधित किया।




विशेष मुख्य सचिव (गृह),तेलंगाना, सीडीटीआई, हैदराबाद के कार्मिकों को संबोधित करते हुए



सीडीटीआई, हैदराबाद में 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर गार्ड, मुख्य अतिथि को सलामी देते हुए।



निदेशक, सीडीटीआई, हैदराबाद मुख्य अतिथि को बीपीआरएंडडी स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



विशेष मुख्य सचिव (गृह), तेलंगाना, श्री रवि गुप्ता, भा.पु.से., सीडीटीआई, हैदराबाद के स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए

# बीपीआरएंडडी मुख्यालय, नई दिल्ली में 76 आरआर के 192 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों का भ्रमण

**अक्टूबर, 2024**

दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय, नई दिल्ली में 76 आरआर के 192 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों का भ्रमण हुआ जिसके तहत अधिकारियों को बीपीआरएंडडी एवं एनसीआरबी, दोनों संगठनों की कार्य प्रणाली तथा उनके द्वारा पुलिस बलों के क्षमता निर्माण में किए जा रहे योगदान के विषय में जानकारी दी गई।



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, अधिकारियों को संबोधित करते हुए



76 आरआर के 192 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी संबोधन के दौरान




निदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, श्री आलोक रंजन, 76 आरआर के 192 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए

# मानव प्रयास के लिए शक्ति और कौशल निर्माण पर कार्यशाला

दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय में एनपीएम प्रभाग द्वारा "Building Strength and Skills for Human Endeavour" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को श्री तजेंद्र सिंह लूथरा, भा.पु.से. (सेवानिवृत्त) द्वारा संबोधित किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों/सीएपीएफ/सीपीओ के 105 अधिकारियों/कर्मियों ने भाग लिया।



कार्यशाला के दौरान, श्री तजेंद्र सिंह लूथरा, भा.पु.से. (सेवानिवृत्त) और प्रतिभागी



श्री तजेंद्र सिंह लूथरा, भा.पु.से. (सेवानिवृत्त), कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

## नए आपराधिक कानूनों के प्रति संवेदीकरण पर टीओटी पाठ्यक्रम (बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए–2023)

दिनांक 14 से 18 अक्टूबर, 2024 तक सीडीटीआई, जयपुर में नए आपराधिक कानूनों के प्रति संवेदीकरण पर 05 दिवसीय टीओटी पाठ्यक्रम (बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए– 2023) का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 32 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



नए आपराधिक कानूनों के प्रति संवेदीकरण पर टीओटी पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागी

## क्राइम सीन मैनेजमेंट पर कोर्स आयोजित

दिनांक 15 से 25 अक्टूबर, 2024 तक सीडीटीआई, कोलकाता में श्रीलंका पुलिस अधिकारियों के लिए क्राइम सीन मैनेजमेंट विषय पर पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम का उद्घाटन, मुख्य अतिथि, पश्चिम बंगाल के पूर्व पुलिस महानिदेशक, श्री सुरजीत कर पुरकायस्थ, भा.पु.से. (सेवानिवृत्त) के कर–कमलों द्वारा किया गया, जिसमें 25 श्रीलंका पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



मुख्य अतिथि पाठ्यक्रम का उद्घाटन करते हुए



पीटीसी, बैरकपुर में श्रीलंका पुलिस अधिकारियों का दौरा

## पुलिस स्मृति दिवस

### अक्टूबर, 2024

दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय,नई दिल्ली तथा बाहरी प्रशिक्षण संस्थानों में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, नेशनल पुलिस मेमोरियल परेड पर उपस्थित रहे एवं ब्यूरो के अन्य अधिकारी/कार्मिक, नेशनल पुलिस मेमोरियल से दूरदर्शन पर प्रसारित परेड के साक्षी रहे और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



नेशनल पुलिस मेमोरियल से अधिकारी एवं कर्मचारी दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण देखते




सीडीटीआई, हैदराबाद के अधिकारी एवं कर्मचारी, नेशनल पुलिस मेमोरियल से दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण के दौरान



बीपीआरएंडडी के अधिकारी एवं कर्मचारी, नेशनल पुलिस मेमोरियल से दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण के दौरान

## प्रशिक्षण प्रमुखों की 39वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल के निदेशक, माननीय न्यायमूर्ति, अनिरुद्ध बोस (सेवानिवृत्त) ने 22 से 23 अक्टूबर, 2024 को सीएपीटी, भोपाल में प्रशिक्षण प्रमुखों की 39वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया, जिसमें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/सीएपीएफ/सीपीओ के प्रशिक्षण संस्थानों/निदेशालयों के 80 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री रवि जोसेफ लोक्कू, निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल, माननीय न्यायमूर्ति, अनिरुद्ध बोस (सेवानिवृत्त) को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

# कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव के तत्वावधान में 'काउंटर रेडिकलाइज़ेशन' पर पाठ्यक्रम

दिनांक 4 से 6 नवंबर, 2024 तक सीडीटीआई, हैदराबाद में कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव के तत्वावधान में 'काउंटर रेडिकलाइज़ेशन' पर आयोजित पाठ्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक (प्रशि.), तेलंगाना, श्रीमती अभिलाषा बिष्ट ने मुख्य अतिथि के तौर पर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा हिंदी पखवाड़े के विजेताओं को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए और सीडीटीआई, हैदराबाद के परिसर में वृक्षारोपण किया गया।




मुख्य अतिथि, पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), तेलंगाना, श्रीमती अभिलाषा बिष्ट को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए निदेशक, सीडीटीआई, हैदराबाद



पुलिस महानिदेशक (प्रशि.), तेलंगाना, श्रीमती अभिलाषा बिष्ट, हिंदी पखवाड़े के विजेताओं को प्रमाण–पत्र प्रदान करते हुए



पुलिस महानिदेशक (प्रशि.), तेलंगाना, श्रीमती अभिलाषा बिष्ट, सीडीटीआई, हैदराबाद के परिसर में वृक्षारोपण करते हुए



मुख्य अतिथि, 'काउंटर रेडिकलाइज़ेशन' पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ

## संकाय विकास कार्यक्रम

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में दिनांक 5 से 7 नवंबर, 2024 तक 03 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान पुलिस अकादमी, राजस्थान इंटेलिजेंस अकादमी और सीडीटीआई, जयपुर के कर्मचारियों ने भाग लिया।




संकाय विकास कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ अपर महानिदेशक बीपीआरएंडडी, श्री रवि जोसेफ लोक्कू

## साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 12 नवंबर, 2024 को सीडीटीआई, हैदराबाद ने मेघा जूनियर कॉलेज, रामंथपुर, हैदराबाद के छात्रों के लिए साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 91 छात्रों और 02 शिक्षकों ने भाग लिया।



साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के प्रतिभागियों का समूह फोटो

# अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन की स्वर्ण जयंती

बीपीआरएंडडी और आरआरयू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन की स्वर्ण जयंती का उद्घाटन दिनांक 19 नवंबर, 2024 को माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी द्वारा मुख्यमंत्री, गुजरात, श्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में आरआरयू, गांधीनगर, गुजरात में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पुलिस से संबंधित नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन करने वाली पुलिस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने इस अवसर पर अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के स्वर्ण जयंती संस्करण एवं पुलिस विज्ञान जर्नल का विमोचन  किया तथा एक विशेष डाक कवर भी जारी किया।




माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह, 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह को पौधा भेंट करते हुए महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री, गुजरात, श्री भूपेन्द्र पटेल, स्वर्ण जयंती अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के दौरान विशेष डाक कवर जारी करते हुए



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति राष्ट्रगान के दौरान




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मंच पर




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह और अन्य गणमान्य व्यक्ति, 50 वे अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के सार–संग्रह के स्वर्ण जयंती संस्करण का विमोचन करते हुए




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह, पुलिस प्रदर्शनी देखते हुए

# 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन का समापन समारोह

अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के तकनीकी सत्र के पहले दिन 'नए आपराधिक कानूनों में फोरेंसिक और प्रौद्योगिकी का उपयोग, आपराधिक न्याय प्रणाली में एआई का उपयोग और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में पुलिस की भूमिका पर विचार–विमर्श हुआ। अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने पुलिसिंग में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के भविष्य के उपयोग, साइबर धोखाधड़ी में मनी ट्रेल का पता लगाने में चुनौतियों के साथ आगे बढ़ने, स्मार्ट शहरों में पुलिसिंग, जेलों में कट्टरपंथ से निपटने की रणनीतियों और आदिवासी एवं सीमा क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग पर विचार–मंथन किया। दिनांक 20 नवम्बर, 2024 को निदेशक, सीबीआई, श्री प्रवीण सूद ने मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह की शोभा बढ़ाई।




निदेशक, सीबीआई, श्री प्रवीण सूद, अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



निदेशक, सीबीआई, और महानिदेशक बीपीआरएंडडी, पुलिस प्रदर्शनी का दौरा करते हुए




50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के समापन समारोह का समूह फोटो

# माननीय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, श्री बंडी संजय कुमार का सीडीटीआई, हैदराबाद दौरा

**नवम्बर 2024**

दिनांक 21 नवम्बर 2024 को माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार ने सीडीटीआई, हैदराबाद का दौरा किया जहां उन्होंने सीडीटीआई के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं से बातचीत की। इस दौरान माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने प्रशिक्षण ब्लॉक में स्थित एनसीआरआई और सीबी लैब का दौरा किया और सीडीटीआई टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार ने अपने दौरे के दौरान निदेशक (आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण), बीपीआरएंडडी, श्री गोपेश अग्रवाल, निदेशक/मुख्य फोरेंसिक वैज्ञानिक, डीएफएसएस, और निदेशक, सीडीटीआई, हैदराबाद, श्री राजशेखर एन. की उपस्थिति में सीडीटीआई, हैदराबाद के परिसर में वृक्षारोपण किया। माननीय मंत्री जी ने सीडीटीआई, हैदराबाद में 18 से 22 नवंबर, 2024 तक आयोजित "नए आपराधिक कानूनों के प्रति संवेदीकरण – 2023" पर हाइब्रिड कोर्स के प्रतिभागियों के साथ बातचीत भी की, जिसमें पुलिस, अभियोजन और जेल विभाग के 76 अधिकारियों ने भाग लिया।




माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए निदेशक (आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण), बीपीआरएंडडी



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार का सीडीटीआई, हैदराबाद परिसर में स्वागत करते हुए निदेशक, सीडीटीआई, हैदराबाद




माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार, सीडीटीआई, हैदराबाद के प्रतिभागियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार, सीडीटीआई, हैदराबाद के परिसर में वृक्षारोपण के दौरान



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री बंडी संजय कुमार, पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ

## डिजिटल साक्ष्य की जांच एवं संरक्षण पर पाठ्यक्रम

सीडीटीआई, जयपुर में 25 से 29 नवंबर, 2024 तक डिजिटल साक्ष्य की जांच और संरक्षण पर 05 दिवसीय पाठ्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 26 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।




डिजिटल साक्ष्य की जांच और संरक्षण पर पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागी



डिजिटल साक्ष्य की जांच और संरक्षण पर पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागी

## सीडीटीआई, चंडीगढ़ में संगठित अपराध पर नए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन

दिनांक 04 दिसंबर, 2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा ने सीडीटीआई, चंडीगढ़ में संगठित अपराध पर नए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। उत्कृष्टता केंद्र एक अग्रणी पहल है जिसका उद्देश्य भारत में एनडीपीएस, वन्यजीव और साइबर अपराध में बढ़ रहे अपराधों को संबोधित करना है। यह केन्द्र प्रशिक्षण, अनुसंधान और क्षमता निर्माण के रूप में काम करेगा।



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, सीडीटीआई, चंडीगढ़ में संगठित अपराध पर नए उत्कृष्टता केंद्र, का उद्घाटन करते हुए



सीडीटीआई परिसर में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी का स्वागत करते हुए, निदेशक, सीडीटीआई, चंडीगढ़



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, सीडीटीआई, चंडीगढ़ के निदेशक और स्टाफ के साथ

# 5वां राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन 2024

दिनांक 03 दिसंबर, 2024 को बीपीआरएंडडी द्वारा आयोजित 5वें राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन 2024 का उद्घाटन माननीय राज्यपाल, पंजाब और प्रशासक चंडीगढ़, श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा महानिदेशक, चंडीगढ़ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया जिसमें लगभग 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



समूह चर्चा के दौरान प्रतिभागी




मानननीय राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक चंडीगढ़, श्री गुलाब चंद कटारिया, सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



माननीय राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक चंडीगढ़, श्री गुलाब चंद कटारिया, ड्रोन स्टॉल का दौरा करते हुए

# 5वें राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन 2024 का समापन समारोह

5वें राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन 2024 में 04 समूहों में 'उभरती प्रौद्योगिकियों और आधुनिक पुलिसिंग चुनौतियों एवं सुधारों' पर समूह चर्चा आयोजित की गई, जिससे विचार–विमर्श के लिए मंच तैयार हुआ। 5वें राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन 2024 के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर प्रतिनिधियों के समूहों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों के साथ–साथ विचार–मंथन सत्र भी आयोजित किए गए। 5वें राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन का समापन समारोह महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा और महानिदेशक, चंडीगढ़, श्री सुरेंद्र सिंह यादव की उपस्थिति में चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में सम्पन्न किया गया।



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री राजीव कुमार शर्मा, महानिदेशक, चंडीगढ़, श्री सुरेंद्र सिंह यादव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण



महानिदेशक, चंडीगढ़, श्री सुरेंद्र सिंह यादव, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान युवा एसपी और कमांडेंट

# विश्व मृदा दिवस

दिनांक 05 दिसंबर, 2024 को सीडीटीआई जयपुर ने निदेशक, सीडीटीआई, जयपुर, डॉ अमनदीप सिंह कपूर के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व स्टाफ व कोर्स में विभिन्न राज्यों से आए जजों, पुलिस ऑफिसर व पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने एयरटेल जयपुर के सौजन्य से विश्व मृदा दिवस 2024 मनाया व वृक्षारोपण किया।



सीडीटीआई जयपुर ने निदेशक, सीडीटीआई, जयपुर, डॉ अमनदीप सिंह कपूर, विश्व मृदा दिवस 2024 के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली–। के सदस्य कार्यालयों के लिए 'चित्रकथा' प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने ब्यूरो मुख्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दक्षिण दिल्ली–। के सदस्य कार्यालयों के लिए 'चित्रकथा' प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सदस्य कार्यालयों से 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



सदस्य कार्यालयों से आए प्रतिभागी चित्रकथा प्रतियोगिता के दौरान



उपनिदेशक (एसपीडी), बीपीआरएंडडी चित्रकथा' प्रतियोगिता में आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

## विकासशील विशेषज्ञ जांचकर्ता (डीएसआई) पाठ्यक्रम

सीडीटीआई, गाजियाबाद द्वारा दिनांक 09 से 20 दिसम्बर, 2024 तक "बम और विस्फोटक" पर दो सप्ताह का विकासशील विशेषज्ञ जांचकर्ता (डीएसआई) पाठ्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसआई और उससे ऊपर रैंक के कुल 34 अधिकारियों ने भाग लिया। पाठ्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को संबंधित विषयों पर बेहतर समझ और व्यावहारिक सत्रों के लिए विभिन्न संस्थानों का दौरा कराया गया।



प्रतिभागी राष्ट्रीय बम डेटा सेंटर, एनएसजी, मानेसर, हरियाणा दौरे के दौरान



प्रतिभागी सीएफएसएल, सीबीआई, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली दौरे के दौरान

आज़ादी का अमृत महोत्सव




पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक, श्री गुलाब चंद कटारिया, चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी, चंडीगढ़ में 5वें राष्ट्रीय युवा एसपी/कमांडेंट सम्मेलन के प्रतिभागियों के साथ

011- 26782012
BPRD India
bprdindia
officialBPRDIndia
Bureau of Police Research & Development India
www.bprd.nic.in

**पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो**
गृह मंत्रालय, भारत सरकार
राष्ट्रीय राजमार्ग–48, महिपालपुर
नई दिल्ली – 110037
भारत

Please Scan the QR Code to Subscribe to Youtube Channel